आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, बुधवार, 17 दिसम्बर 2025
# वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# जालंधर में डंकी रुट इमिग्रेशन रैकेट पर ED की कार्रवाई, करोड़ों की जायदाद जब्त




**जालंधर ( वर्मा/पंकज शर्मा ) :** जालंधर में ED ने युवाओं को डंकी रुट से अमेरिका भेजने वाले एक गैर-कानूनी इमिग्रेशन और ह्यूमन ट्रैफिकिंग रैकेट के खिलाफ कार्रवाई की है। इन पर पंजाब और हरियाणा पुलिस की FIR के आधार पर गैर-कानूनी इमिग्रेशन और ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामलों की जांच शुरू की थी।

इस मामले में तीन एजेंटों की 5.41 करोड़ रुपये की चल और अचल प्रॉपर्टी को प्रोविजनल तौर पर अटैच किया है। यह कार्रवाई शुभम शर्मा, जगजीत सिंह और सुरमुख सिंह के खिलाफ की गई है। जांच में पता चला है कि तीनों एजेंट कानूनी इमिग्रेशन का वादा करके युवाओं को डंकी रुट के रास्ते गैर-कानूनी तरीके से अमेरिका भेज रहे थे।

इसके अलावा आरोपियों और उनके परिवार वालों के नाम पर बैंक अकाउंट भी फ्रीज कर दिए गए हैं। इन प्रॉपर्टी को क्राइम से हुई कमाई या उनके बराबर माना जा रहा है।

ED के मुताबिक आरोपी लंबे समय से इस नेटवर्क में एक्टिव हैं और युवाओं से भारी रकम ऐंठकर उन्हें गैर-कानूनी रास्तों से विदेश भेज रहे थे। तीनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और भविष्य में और गिरफ्तारियां और प्रॉपर्टी ज़ब्त की जा सकती है।

## अब जानिए पूरा मामला

**कृषि भूमि, मकान और बैंक खाते जब्त :** ईडी अधिकारियों के अनुसार, जब्त की गई संपत्तियों में कृषि भूमि, आवासीय और व्यवसायिक इमारतें शामिल हैं। इसके अलावा आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर मौजूद बैंक खातों को भी फ्रीज किया गया है। यह संपत्तियां अपराध से अर्जित धन या उसके बराबर मानी जा रही हैं।

**युवाओं को लुभाकर करते थे डंकी रुट से रवाना :** जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी एजेंट युवाओं को विदेश भेजने का सपना दिखाकर उन्हें अपने जाल में फंसाते थे। बाद में उन्हें नेटवर्क से जुड़े अन्य एजेंटों के पास भेजा जाता था। आरोपी अलग-अलग देशों के लिए हवाई टिकट और विजिटर वीजा की व्यवस्था करने में भी शामिल थे।

**330 भारतीयों के डिपोर्ट होने के बाद तेज हुई जांच :** फरवरी 2025 में अमेरिकी सरकार द्वारा गैर-कानूनी रूप से अमेरिका में दाखिल हुए 330 भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किए जाने के बाद इस पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कसना शुरू हुआ। इसके बाद पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने गैर-कानूनी इमिग्रेशन और मानव तस्करी के मामलों की जांच शुरू की थी।

*ईडी अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और आने वाले समय में और गिरफ्तारियां व संपत्ति जब्ती हो सकती है।*

## शक्ति नगर में दिनदहाड़े चोरी, घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पर चोरों ने किया हाथ साफ; घटना सीसीटीवी में कैद

**जालंधर ( वर्मा ) :** महानगर में लगातार बढ़ रही लूटपाट और चोरी की घटनाओं के बीच अब दिनदहाड़े दो पहिया वाहन चोरी का मामला सामने आया है। जहां थाना चार के अंतर्गत पड़ते शक्ति नगर इलाके में बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक एक्टिवा को महज कुछ सेकंड में चोरी कर लिया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई देता है कि बाइक पर सवार दो युवक गली में आते हैं। इनमें से एक युवक सफेद रंग की एक्टिवा पर बैठता है, आसपास नजर दौड़ाता है और करीब 20 सेकंड के भीतर एक्टिवा स्टार्ट कर दोनों मौके से फरार हो जाते हैं।

पीड़ित तुषार बंसल ने इस संबंध में थाना नंबर 4 की पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि वे मकान नंबर 72, शक्ति नगर के निवासी हैं। बीते दिन सुबह करीब 8:30 बजे उन्होंने अपनी एक्टिवा (नंबर पीबी 08 एफजे 1704) घर के बाहर खड़ी की थी और किसी काम से बाहर चले गए थे। दोपहर करीब 3 बजे जब वे लौटे तो एक्टिवा गायब थी। इसके बाद उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें चोरी की पूरी घटना सामने आई। पीड़ित का कहना है कि चोर इतने शातिर थे कि कुछ ही पलों में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष और डर का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



# जालंधर में चाइना डोर का कहर

## युवक का कान कटा, सड़क पर हुआ बेहोश; पुलिस पर फूटा गुस्सा

**जालंधर ( वर्मा ) :** जालंधर में चाइना डोर एक बार फिर जानलेवा साबित हुई है। रैनक बाजार इलाके में काम करने वाले कृष्णा नामक युवक चाइना डोर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि युवक का कान कटकर सड़क पर जा गिरा और वह लहूलुहान हालत में मौके पर ही बेहोश हो गया।

राहगीरों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद उसने अपनी आपबीती साझा की। घायल कृष्णा ने बताया कि वह रैनक बाजार में एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। घटना के समय वह दुकान मालिक के पिता को घर से लेकर दुकान पर जा रहा था आदर्श गुरुद्वारा के पास रास्ते में अचानक हवा में उड़ती चाइना डोर उसके सिर और कान को चीरती हुई निकल गई। तेजधार वाली डोर के वार से उसका कान पूरी तरह कट गया। जब उसने सड़क पर अपना ही कटा हुआ कान देखा तो वह सदमे में आकर सड़क पर बेहोश होकर गिर पड़ा। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद कृष्णा ने पुलिस प्रशासन पर नाराजगी जाहिर की। उसने कहा कि शहर में चाइना डोर खुलेआम बिक रही है, लेकिन पुलिस इस पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। कृष्णा का आरोप है कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है और केवल हादसे होने के बाद ही हरकत में आता है।



घायल युवक ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर पुलिस चाइना डोर बेचने वालों और उड़ाने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं कर सकती, तो यह जिम्मेदारी उन्हें सौंप दे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ अपने तरीके से कार्रवाई करने को मजबूर होना पड़ेगा।

गौरतलब है कि चाइना डोर पर प्रतिबंध के बावजूद हर साल पतंगबाजी के मौसम में इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि चाइना डोर की बिक्री और इस्तेमाल पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी और की जान खतरे में न पड़े।



HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

# 150 साल की शैक्षणिक विरासत का उत्सव मनाएगा मॉडल स्कूल






**जालंधर ( सन्नी सहगल ) :** सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लाडोवाली रोड, जालंधर की अल्मनाई एसोसिएशन द्वारा एक ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मनाया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन 20 दिसंबर 2025 को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक स्कूल परिसर में किया जाएगा।

अल्मनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एस.पी.एस. ग्रोवर ने बताया कि यह समारोह 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' के 150 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा का प्रतीक है। वर्ष 1872 में स्थापित यह संस्थान शिक्षा, अनुशासन और मूल्यों के माध्यम से पीढ़ियों को संवारते हुए समाज में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है। इस समारोह में जालंधर के मेयर श्री वनीत धीर जी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि जालंधर सेंट्रल के चुनाव प्रभारी श्री नितिन कोहली विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, अजित समूह समाचार पत्रों के मुख्य संपादक एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द भी विशेष अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

समारोह का एक विशेष आकर्षण सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन और इस विद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र सरदार चरणजीत सिंह चन्नी की उपस्थिति होगी। एक अल्मनाई के रूप में उन्होंने आयोजन की तैयारियों में सक्रिय सहयोग दिया है और संस्थान की विरासत को सशक्त बनाने वाली पहलों का निरंतर समर्थन करते आ रहे हैं।

अपने भाव व्यक्त करते हुए सरदार चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा, इस संस्थान ने मेरे जीवन के मूल्यों और दृष्टिकोण की नींव रखी। एक पूर्व छात्र के रूप में इस प्रतिष्ठित विद्यालय की 150 वर्षों की यात्रा से जुड़ना मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। यह आयोजन उन शिक्षकों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने हमें मार्गदर्शन दिया और उन पीढ़ियों को सम्मान है जिन्होंने विद्यालय का नाम गौरव के साथ आगे बढ़ाया।

इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए डॉ. एस.पी.एस. ग्रोवर ने कहा, 150 वर्ष पूर्ण होना केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, समर्पण और इस संस्थान की अटूट भावना का उत्सव है। यह अवसर उन शिक्षकों, अल्मनाई और विद्यार्थियों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करता है जिन्होंने दशकों से विद्यालय की मजबूत नींव रखी है।



## जालंधर-पठानकोट हाईवे पर पीएनबी एटीएम पर चोरों का धावा, एटीएम को गैस कटर से काटने की कोशिश; सीसीटीवी पर स्प्रे कर पहचान मिटाने का प्रयास



**जालंधर( वर्मा ) :** जालंधर पठानकोट हाईवे पर लूटपाट और चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच एक बार फिर बेखौफ चोरों ने बैंक के एटीएम को निशाना बनाया है। ताज़ा मामला गांव पंजाबी बाग के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एटीएम का है, जहां देर रात दो अज्ञात चोरों ने गैस कटर की मदद से एटीएम को काटने की कोशिश की गई प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात के समय दो युवक एटीएम के अंदर दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने एटीएम के भीतर लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे कर दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। इसके बाद आरोपियों ने गैस कटर से एटीएम को काटना शुरू कर दिया। इसी दौरान किसी तरह घटना की सूचना पुलिस को मिल गई, जिसके बाद थाना मकसूदां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने एटीएम और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आरोपी एटीएम से नकदी निकालने में सफल हुए या नहीं। इस संबंध में थाना मकसूदां के थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार एटीएम लूट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसके बाद बैंकों को एटीएम के बाहर सुरक्षा गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, एक बार फिर एटीएम को निशाना बनाया जाना पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

## रामामंडी चौक पर लापरवाही बनी हादसे की वजह, टिप्पर ने कार को मारी टक्कर; फिर टिप्पर बैक करते समय बच्चों से भरी स्कूल बस को मारी टक्कर




**जालंधर ( वर्मा ) :** रामामंडी चौक पर एक बड़ा सड़क हादसा उस समय टल गया, जब एक टिप्पर चालक की लापरवाही से पहले एक कार और फिर बच्चों से भरी आईवीवाई वर्ल्ड स्कूल की बस टक्कर का शिकार हो गई। हादसे में कार और स्कूल बस के शीशे टूट गए, हालांकि गनीमत यह रही कि किसी को भी जानी नुकसान नहीं पहुंचा।

कार चालक चरणजीत, जो करतारपुर के रहने वाले हैं, ने बताया कि वे कोटली गांव में रिश्तेदार के निधन पर दुख सांझा कर लौट रहे थे। रामामंडी चौक पर गाड़ी साइड में खड़ी कर सवारी उतार रहे थे, तभी तेज रफ्तार टिप्पर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। कार में उस समय पांच लोग सवार थे। हादसे के बाद टिप्पर चालक ने वाहन को पीछे किया, लेकिन इसी दौरान बच्चों से भरी स्कूल बस को भी टक्कर मार दी, जिससे बस का फ्रंट शीशा टूट गया। बस चालक मनोज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना स्कूल प्रशासन को दे दी गई है और नुकसान को लेकर मैनेजमेंट मौके पर पहुंचकर फैसला लेगी। हादसे के बाद बच्चों में डर का माहौल बन गया और चौक पर भारी जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि चौक पर सीसीटीवी कैमरे तो लगे हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ चालान काटने तक सीमित है। लोगों का कहना है कि यदि मौके पर पुलिस कर्मी तैनात होते, तो शायद इस तरह की घटना टाली जा सकती थी। यह हादसा एक बार फिर ट्रैफिक व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।


# लुधियाना सेंट्रल जेल में कैदियों के दो गुटों में हिंसक झड़प, जेल सुपरिंटेंडेंट समेत कई पुलिसकर्मी घायल

**लुधियाना ( पंकज शर्मा ) :** लुधियाना के ताजपुर रोड स्थित सेंट्रल जेल में मंगलवार रात करीब 8 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब कैदियों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

पहले तीखी बहस हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट में तब्दील हो गया, जिससे जेल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालात इतने बिगड़ गए कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था कुछ समय के लिए बेकाबू हो गई। सूत्रों के मुताबिक, झड़प को रोकने के लिए जेल प्रशासन ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाया।

इसी दौरान उत्तेजित कैदियों ने पुलिस कर्मियों के साथ भी हाथापाई कर दी, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालात पर काबू पाने पहुंचे आला अधिकारियों पर भी कैदियों के एक समूह ने हमला कर दिया।

इस हमले में जेल सुपरिंटेंडेंट कुलवंत सिद्धू के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अन्य घायल पुलिसकर्मियों को भी प्राथमिक उपचार दिया गया है।



घटना के बाद जेल में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है कि झड़प किन कारणों से हुई और इसमें कौन-कौन से कैदी शामिल थे। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# हथियारों के बल लूट: लॉटरी की दुकान में घुसकर नकदी और मोबाइल लेकर फरार हुए आरोपी

**जालंधर( वर्मा ) :** सोढल रोड पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जेएमपी फैक्टरी के नजदीक स्थित एक लॉटरी की दुकान में बेखौफ लुटेरों ने हथियारों के दम पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। थाना नंबर 8 के अधीन आने वाले इस इलाके में हुई यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसके बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार, चार युवक दो बाइकों पर सवार होकर दुकान के बाहर पहुंचे। सभी ने अपने चेहरे ढके हुए थे। इनमें से दो युवक कुछ दूरी पर निगरानी करते रहे, जबकि अन्य दो दुकान के अंदर दाखिल हुए। अंदर घुसते ही लुटेरों ने दुकान में बैठे व्यक्ति पर तेजधार हथियार तान दिया और उसकी तलाशी लेना शुरू कर दी। इसी दौरान अन्य साथियों ने दुकान की तिजौरी से नकदी निकाल ली।

लुटेरों ने न सिर्फ तिजौरी साफ की, बल्कि दुकान में मौजूद व्यक्ति के साथ मारपीट भी की। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि बदमाशों ने उसे थप्पड़ मारे, जेब से नकदी और मोबाइल फोन छीना और जाते-जाते उसकी पीठ पर तेजधार हथियार से वार भी किया। इसके बाद लुटेरे आराम से मौके से फरार हो गए।

घटना को लेकर चर्चा है कि यह लॉटरी की दुकान कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक पुलिस की ओर से किसी ठोस कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो पाई है। वारदात के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष और भय का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इलाके में सुरक्षा बढ़ाई जाए और अवैध रूप से चल रही दुकानों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सके।



## जालंधर में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना, चाचा पर लगे अपनी ही भतीजी से दुष्कर्म करने के आरोप

**जालंधर, ( वर्मा ) :** जालंधर में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। हरनामदासपुरा इलाके में एक लड़की के सगे चाचा ने ही उसके साथ बलात्कार करने की कोशिश की पीड़िता के अनुसार, वह घर में अकेली थी तभी रिश्ते में चाचा लगने वाला गुरविंदर सिंह उर्फ प्रिंस (उम्र 45 वर्ष), जो फाइनेंस का काम करता है, पानी मांगने के बहाने घर में दाखिल हुआ। जैसे ही लड़की पानी लेकर लौटी, आरोपी ने गिलास फेंक दिया और जबरन उसके कपड़े उतारकर अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

घायल अवस्था में पीड़िता को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी एक धार्मिक स्थल से भी जुड़ा हुआ है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।



# अब्दुल को गोलियों से भूना

## होशियारपुर में कार सवार ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, मौके पर मौत, दोस्त ने क्या बताया?

**होशियारपुर ( पंकज शर्मा ) :** होशियारपुर के कस्बा हरियाना में मंगलवार शाम को एक युवक को ताबड़तोड़ गोलियों से भून दिया गया। हरियाना के पेट्रोल पंप के पास आल्टो कार सवार ने स्कूटी पर जिम जा रहे युवक की कई गोलियां मारकर हत्या कर दी। हमलावर ने पहले युवक को 3-4 गोलियां मारी और वहां से कार समेत चला गया। गोली लगने से स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिर गया। तब कार सवार हमलावर दोबारा वहां पहुंचा और फिर से युवक पर गोलियां चलाई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी मौके से फरार हो गया।



गोलियों की आवाज से इलाके में दहशत फैल गई। मृतक की पहचान गांव कंगमाई के रहने वाले अब्दुल के तौर पर हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मृतक का शव कब्जे में लेकर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस को घटनास्थल के गोलियों के आठ खोल बरामद हुए हैं। मृतक के साथ जिम जा रहे जीत ने बताया कि वह और अब्दुल दोनों ही गांव कंगमाई के रहने वाले हैं। वह स्कूटी पर सवार होकर मंगलवार शाम करीब 4 बजे हरियाना में जिम जा रहे थे। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो पीछे से एक आल्टो कार में सवार व्यक्ति ने उसके दोस्त अब्दुल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। हमलावर ने उस पर पहले 3-4 फायर किए। गोली लगने से जब अब्दुल गिर गया तो कार सवार वापिस आया और उसने 4-5 फायर और किए, जिससे अब्दुल की मौके पर ही मौत हो गई।

जीत ने बताया कि उनका किसी के साथ झगड़ा नहीं था और न ही किसी के साथ दुश्मनी थी। जानकारी अनुसार मृतक अब्दुल के पिता की मौत हो चुकी है और उसकी दो बहने हैं। अब्दुल की माता उत्तर प्रदेश में रहती है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद ही सारे मामले संबंधी कुछ कहा जा सकता है। मृतक के शव को सिविल अस्पताल होशियारपुर के शव गृह में रखवाया गया है।

# अवैध कब्जों और पार्किंग पर ट्रैफिक पुलिस का सख्त एक्शन, मुख्य बाजारों में चला अभियान





**जालंधर( वर्मा ) :** शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था के पीछे दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जे और गलत पार्किंग एक बड़ी वजह बन चुकी हैं। इसी को लेकर आज ट्रैफिक पुलिस ने मुख्य बाजारों में सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर शिकंजा कसा। यह अभियान एसपी गुरबाज के निर्देशों पर ट्रैफिक इंचार्ज संजीव की अगुवाई में चलाया गया।

ट्रैफिक पुलिस की टीम ने भगत सिंह चौक से लेकर माई हीरां गेट तक दुकानों के बाहर सड़कों पर रखा गया सामान जब्त किया। इस दौरान कई दुकानदारों को चेतावनी दी गई, जबकि अवैध पार्किंग में खड़े करीब 10 से 15 वाहनों के चालान तक काटे गए। कार्रवाई के चलते कुछ समय के लिए बाजारों में हड़कंप की स्थिति बन गई

इसके बाद पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम रैणक बाजार पहुंची, जहां भी अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। एसपी गुरबाज ने बताया कि अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने साफ किया कि कई बार अपील के बावजूद दुकानदार सड़क तक सामान फैला देते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा होती है।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान की शुरुआत कंपनी बाग से की गई, जिसे माई हीरां गेट तक चलाया गया और बाद में रैणक बाजार में कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए यह कार्रवाई अब रोजाना की जाएगी, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो सके।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# सुशील रिंकू ने जालंधर में पंजाब एवेन्यू के सी-8 रेलवे फाटक के पास लोअर अंडरपास बनाने की रेलमंत्री से की मांग

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने सौंपा मांग पत्र

**जालंधर( सन्नी सहगल ) :** पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने कहा है कि जालंधर में अर्बन एस्टेट के रेलवे फाटक नंबर सी-7 के बाद अब सी-8 की समस्या खत्म होगी। इसके लिए सुशील रिंकू ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और उन्हें मांगपत्र सौंपा। रिंकू ने कहा कि सी-8 रेलवे फाटक के पास लोअर अंडरपास बनाने की मांग की गई है।

सुशील रिंकू ने बताया कि जालंधर के पंजाब एवेन्यू, अर्बन एस्टेट और आसपास इलाके के लोगों ने उनसे मिलकर मांग की थी कि सी-7 की तरह सी-8 रेलवे फाटक की समस्या दूर करवाई जाए। लोगों की मांग है कि इस फाटक

**रेलमंत्री ने सी-8 रेलवे फाटक के पास लोअर अंडरपास बनाने का दिया आश्वासन**

के पास लोअर अंडरपास बनाया जाए, जिससे आटो, रिक्शा, बाइक और साइकिल आसानी से निकल सके।

इस फाटक के पास लोअर अंडरपास बनना से कई कालोनियों के सैकड़ों लोगों को भारी राहत मिल जाएगी। इस फाटक के पास लोअर अंडरपास बनाने के लिए सुशील रिंकू ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और उन्हें मांगपत्र सौंपा।

पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने बताया कि सी-8 रेलवे फाटक के पास लोअर अंडरपास बनाने के लिए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वासन दिया है।

इस संबंध में रेलमंत्री ने रेलवे अधिकारियों को आदेश भी दिया है। सुशील रिंकू ने बताया कि इस फाटक के पास लोअर अंडरपास बनने से पंजाब एवेन्यू समेत कई कालोनियों को लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



# पंजाब में बड़ा हादसा : बेटी के शगुन में जा रहे परिवार की गाड़ियों में टक्कर, बीएसएफ जवान समेत तीन की मौत



**बरनाला ( हिमांशु ) :** - पंजाब में घना कोहरा लोगों की जिंदगियां लील रहा है। पंजाब के बरनाला में कोहरे की वजह से सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घने कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें लड़की के शगुन में जा रहे एक ही परिवार की दो गाड़ियां आपस में दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। इस हादसे में लड़की के भाई समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि लड़की सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा बरनाला-मोगा हाईवे पर मल्लियां टोल प्लाजा के पास हुआ, जहां दोनों कारें टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में स्विफ्ट डिजायर कार में सवार 18 वर्षीय लड़की और उसके चाचा के बेटे की भी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुनील मसीह (31), अर्शदीप मसीह (21) और अनु (18) के रूप में हुई है। मृतकों में सुनील मसीह बीएसएफ का जवान था, जो छुट्टी लेकर अपनी बहन के शगुन समारोह में शामिल होने आया था। हादसे में शगुन वाली जिस युवती का शगुन था उसका पैर भी टूट गया है।

घायलों को तुरंत बरनाला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार के लोग तरनतारन के रहने वाले हैं, जो हरियाणा के सिरसा में लड़की का शगुन के लिए जा रहे थे। मृतक जवान के पिता इमानात मसीह ने बताया कि उनका बेटा और भतीजा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कार से सिरसा जा रहे थे। कोहरे के कारण रास्ते में यह भयानक हादसा हो गया, जिसमें उनके बेटे और भतीजे समेत तीन लोगों की जान चली गई। वहीं, मृतक के रिश्तेदार दलजीत सिंह ने आरोप लगाया कि यह हादसा कोहरे के साथ-साथ टोल प्लाजा प्रशासन की लापरवाही के कारण हुआ है। उनका कहना है कि टोल प्लाजा के पास कोई चेतावनी बोर्ड या संकेतक नहीं लगाए गए थे, जिससे हादसा हो गया। पुलिस चौकी इंचार्ज बलजिंदर सिंह ने बताया कि घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने भी टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और परिवार के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 25 से 27 दिसंबर तक लगेगा शहीद जोड़ मेला, श्री फतेहगढ़ साहिब नो वीआईपी जोन घोषित

**श्री फतेहगढ़ साहिब ( पंकज शर्मा ) :** श्री फतेहगढ़ साहिब में 25 से 27 दिसंबर तक शहीद जोड़ मेला लगेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। सीएम ने श्री फतेहगढ़ साहिब को नो वीआईपी जोन घोषित किया। मान ने कहा कि मेले में सुरक्षा के लिए 3300 से अधिक पुलिस कर्मचारी लगेंगे। 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। छह ड्रोन से नजर रखी जाएगी। 200 शटल बस और 100 से ज्यादा ई-रिक्शा की सुविधा रहेगी।





मान ने कहा कि 21 छोटी-बड़ी पार्किंग सुविधा का इंतजाम किया जाएगा। मेले के दौरान 60 एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तैनात रहेंगी। मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए प्राइवेट कंपनियां को टेंपरेरी टावर लगाने के लिए कहा गया है।

एक पुलिस इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, इसका नंबर 0176 323 2838 रहेगा। मान ने कहा कि एसजीपीसी ने इस संदर्भ में अभी कोई संपर्क नहीं किया है लेकिन एसजीपीसी को किसी तरह की मदद की आवश्यकता होगी तो सरकार तैयार है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। मान ने बताया कि गूगल से तालमेल किया गया है। पार्किंग और फतेहगढ़ साहिब जाने वाले रास्तों में जाम की स्थिति से गूगल संगत को अवगत करवाएगा।

# अमृतसर में तेज रफ्तार गाड़ी की जोरदार टक्कर से साइकिल सवार की मौत, कई फीट हवा में उलककर दूर जाकर गिरा युवक

**अमृतसर ( पंकज शर्मा ) :** थाना कैंटोनमेंट के अधीन पड़ते माहला गांव के पास तेज रफ्तार कार ने गलत तरीके से फुटपाथ पर साइकिल चढ़ा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान साइकिल सवार कई फुट हवा में ऊपर उछला।

मौके पर ही साइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा स्वजनों के हवाले कर दिया है। आरोपित कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। लेकिन आरोपित चालक फरार है।माहला में रहने वाले जसपाल सिंह ने बताया कि उनकी किराने की दुकान है।



मंगलवार की दोपहर वह अपनी दुकान पर काम कर रहे थे। इस बीच एक साइकिल पर सवार राज कुमार निवासी काले गांव गलत तरीके से फुटपाथ के जरिए सड़क के दूसरी तरफ जाने का प्रयास कर रहा था। उसने अपनी साइकिल फुटपाथ की तरफ मोड़ी और पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साइकल सवार हवा में कई फुट ऊपर से नीचे गिरा। घटना के बाद आरोपित कार सहित फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने राजकुमार को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247







# गुरु की शरण में जाकर ही मानव जीवन को सही दिशा मिलती है-साध्वी शशिप्रभा भारती जी




**जालंधर( हिमांशु ) :** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान बिधिपुर आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर सत्संग का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर पूरी तरह भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। संगत को संबोधित करते हुए साध्वी सुश्री शशि प्रभा भारती जी ने अपने प्रेरणादायक विचारों में बताया कि गुरु भक्ति हमारे जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि गुरु की शरण में जाकर ही मानव जीवन को सही दिशा मिलती है। गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। साध्वी जी ने स्पष्ट किया कि बिना गुरु के जीवन दिशाहीन हो जाता है, जबकि गुरु कृपा से व्यक्ति अपने लक्ष्य को पहचान पाता है।

साध्वी जी ने आगे कहा कि सच्ची गुरु भक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि गुरु के बताए मार्ग पर चलना ही वास्तविक भक्ति है। गुरु के उपदेशों को जीवन में अपनाकर ही मनुष्य अपने विकारों पर विजय प्राप्त कर सकता है और आत्मिक शांति का अनुभव कर सकता है। क्योंकि यही गुरु भक्ति का सच्चा स्वरूप है। सत्संग के दौरान भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बनाया गया। श्रद्धालु पूरे मनोयोग से गुरु महिमा का गुणगान करते हुए भाव-विभोर दिखाई दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु वचनों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



# खींगरा गेट में चाइना डोर सप्लाई देने आए युवक को लोगों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले

**जालंधर( वर्मा ) :** जालंधर के खींगरा गेट इलाके में चाइना डोर की अवैध सप्लाई का एक और मामला सामने आया है। प्रतिबंध के बावजूद चाइना डोर की खुलेआम सप्लाई देने आए एक युवक को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाना डिवीजन नंबर 3 अपने साथ ले गई।

पुलिस के अनुसार, पकड़े गए युवक के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से पांच से छह चाइना डोर के गट्टू बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक इलाके में चाइना डोर की सप्लाई देने आया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वह डोर कहां से लाता था और किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। वहीं युवक को पकड़ने वाले स्थानीय युवकों ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चाइना डोर का खुलेआम प्रचार करता था। सोशल मीडिया के जरिए वह ग्राहकों से संपर्क करता और उनके बताए पते पर डिलीवरी



तक करता था। युवकों का कहना है कि जब चाइना डोर पूरे पंजाब में प्रतिबंधित है, तो फिर सोशल मीडिया पर इसका प्रमोशन कैसे किया जा रहा था, यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन और साइबर क्राइम यूनिट की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अगर आरोपी खुलेआम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चाइना डोर बेचने का प्रचार कर रहा था, तो संबंधित एजेंसियों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी। लोगों ने मांग की है कि सिर्फ सप्लायर ही नहीं, बल्कि चाइना डोर बेचने और इसका ऑनलाइन प्रमोशन करने वाले पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाए। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह जांच की जा रही है कि इस अवैध धंधे में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई है कि इस कार्रवाई के बाद चाइना डोर के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी जानलेवा डोर से होने वाले हादसों पर रोक लग सके।

# 'रूस-यूक्रेन के बीच शांति समझौता बहुत करीब', बर्लिन में बातचीत के बाद ट्रंप का बड़ा दावा

**न्यूयॉर्क** - तीन वर्षों से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद दोनों देशों के बीच तनाव बरकरार है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि यह संघर्ष जल्द समाप्त हो सकता है। उनका कहना है कि रूस और यूक्रेन शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब पहुंच चुके हैं। अमेरिकी समयानुसार सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा कि बर्लिन में यूरोपीय नेताओं और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ हुई लंबी बैठकों के बाद हालात में सकारात्मक बदलाव नजर आ रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि इन चर्चाओं से शांति की दिशा में ठोस प्रगति हुई है।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया



है जब बर्लिन में अमेरिका, यूरोपीय देशों, नाटो के शीर्ष नेताओं और राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच कई घंटे तक मंथन हुआ।

इन बैठकों में युद्ध को समाप्त करने के संभावित रास्तों पर विस्तार से चर्चा की गई।

रिपोर्टों के मुताबिक, कई यूरोपीय देश यूक्रेन को पश्चिमी सुरक्षा गारंटी देने के लिए तैयार हैं, हालांकि क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर मतभेद अब भी सबसे बड़ी बाधा बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस प्रयास में अमेरिका को यूरोप के कई देशों का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा, हम इस युद्ध को खत्म करके रहेंगे। मुझे लगता है कि अब हम पहले से कहीं ज्यादा करीब हैं। ट्रंप ने जर्मनी, इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, पोलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड और नीदरलैंड जैसे देशों का नाम लेते हुए कहा कि ये सभी देश मिलकर शांति की कोशिशों में जुटे हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत होने का भी दावा किया। उन्होंने कहा कि पुतिन के साथ कई बार चर्चा हुई है और सभी पक्ष मानते हैं कि समाधान अब दूर नहीं है। हम इस युद्ध में बर्बाद हो रही अनगिनत जिंदगियों को बचाना चाहते हैं, उन्होंने कहा। हालांकि ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि सबसे बड़ी चुनौती रूस और यूक्रेन को एक ही समय पर, एक जैसी शर्तों पर सहमत कराना है। उन्होंने कहा, कभी रूस शांति के लिए तैयार होता है और यूक्रेन पीछे हट जाता है, तो कभी यूक्रेन तैयार होता है और रूस नहीं। हमें दोनों को एक ही मंच पर लाना होगा।

गौरतलब है कि शांति वार्ताओं से पहले राष्ट्रपति जेलेंस्की संकेत दे चुके हैं कि यदि पश्चिमी देश मजबूत सुरक्षा गारंटी देते हैं, तो यूक्रेन नाटो की सदस्यता की मांग छोड़ने पर भी विचार कर सकता है। वहीं जमीनी हालात अब भी चिंताजनक बने हुए हैं। बीती रात रूस ने यूक्रेन पर 153 ड्रोन हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, इनमें से 17 ड्रोन अपने लक्ष्यों तक पहुंचे, जबकि रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने 130 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# आखिर क्यों ऋषि पिप्पलाद ने शनि देव को दिया था दंड ?

## जानिए वो वचन जो आज भी निभा रहे हैं कर्मफल दाता

**शनि देव, सूर्य देव के पुत्र हैं, जो न्याय के देवता और कर्मफल दाता कहे जाते हैं। हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि शनिदेव जिस भी व्यक्ति पर अपनी दृष्टि डालते हैं, उसके जीवन में मुश्किलें बढ़ जाती हैं। वहीं पीपल के पेड़ की पूजा शनिदोष से राहत पाने का एक बेहतर उपाय माना गया है, जिसके पीछे एक पौराणिक कथा भी मिलती है। चलिए जानते हैं इस बारे में।**




**पिप्पलाद ऋषि से जुड़ी कथा**

प्रश्नोपनिषद में वर्णित कथा के अनुसार, महर्षि द?धीचि ने अपनी हड्डियां इंद्र देव को वृत्तासुर नामक राक्षस का वध करने के लिए प्रदान की थीं। उनकी पत्नी इस बात को सहन न कर सकीं और उन्होंने सती होने का फैसला लिया। वह स्वयं महर्षि दधीचि की चिता के साथ सती हो गईं और उन्होंने अपने 3 वर्ष के बालक को विशाल पीपल वृक्ष के कोटर में रख दिया।

कोटर में गिरे पीपल के गोदों (फल) को खाकर वह बालक जैसे-तैसे बड़ा होने लगा। एक दिन उस स्थान के पास से देवर्षि नारद गुजरे और उन्होंने उस बालक को कष्टप्रद स्थिति में देख, उसका परिचय पूछा। तब बालक ने उत्तर दिया कि मुझे अपने व अपने माता-पिता के विषय में कुछ भी नहीं पता।

**नारद जी ने बताई पूरी सच्चाई**

तब नारद जी ने उस अपनी दिव्य दृष्टि से उसे बालक को बताया कि तुम महान दानी महर्षि दधीचि के पुत्र हो। और उस बालक को उनके माता-पिता से संबंधित सारी बात बताई। तब बालक ने पूछा कि मेरे माता-पिता की अकाल मृत्यु किस कारण हुई। तब नारद मुनि कहते हैं कि उनपर शनिदेव की महादशा थी। देवर्षि नारद ने उस बालक का नाम पिप्पलाद रखा।

नारद जी की बात जानने के बाद पिप्पलाद ने ब्रह्मा जी की घोर तपस्या की, जिससे ब्रह्मा जी प्रसन्न हुए और उनसे वरदान मांगने को कहा। तब पिप्पलाद ने उनसे अपनी दृष्टि मात्र से किसी को भी जला देने की शक्ति मांगी। ब्रह्मा जी से यह वरदान मिलने के बाद पिप्पलाद ने शनि देव का आह्वान किया और उनपर अपनी दृष्टि डाल दी, जिससे शनिदेव का शरीर जलने लगा।


**सूर्य देव ने ब्रह्मा जी से मांगी मदद :** सूर्य भी अपने पुत्र को बचाने में असमर्थ थे और उन्होंने ब्रह्मा जी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने प्रकट होकर पिप्पलाद से शनिदेव को छोड़ने के लिए कहां, लेकिन पिप्पलाद नहीं मानें। तब ब्रह्मा जी ने पिप्पलाद से कहा कि वह एक के बदले दो वर मांग सकते हैं।

**मांगे यह 2 वचन**

इस शर्त पर पिप्पलाद तैयार हो गए और उन्होंने यह दो वरदान मांगे कि किसी भी व्यक्ति की जन्म कुंडली में 5 वर्ष की आयु तक शनि का कोई प्रभाव नहीं होगा। दूसरा वरदान यह था कि मुझ अनाथ को पीपल के वृक्ष ने शरद दी। अत: जो भी व्यक्ति सूर्योदय से पहले पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाएगा, उसपर शनि की महादशा का प्रभाव नहीं पड़ेगा। तभी से यह शनि की महादशा के प्रभाव से मुक्ति के लिए पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाने और उसकी पूजा करने की परम्परा चली आ रही है।



# पौष अमावस्या के दिन इस दिशा में लगाएं पितरों की तस्वीर, बरसेगी पूर्वजों की कृपा




सनातन धर्म में अमावस्या तिथि को महत्वपूर्ण माना गया है। इस तिथि पर पितरों का तर्पण, दान समेत आदि काम किए जाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कई लोग घरों में पितरों की तस्वीर को गलत दिशा में लगाते हैं, जिससे उन्हें जीवन में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इसलिए कहा जाता है कि वास्तु शास्त्र के अनुसार ही घर में पितरों की तस्वीर को लगाना चाहिए। इससे परिवार के सदस्यों को पूर्वजों की कृपा प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। ऐसे में आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि पौष अमावस्या के दिन किस दिशा में पितरों की तस्वीर लगानी चाहिए।

**किस दिशा में लगाएं पितरों की तस्वीर :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, पितरों की तस्वीर लगाने के लिए दक्षिण दिशा को शुभ माना जाता है, क्योंकि दक्षिण दिशा पूर्वजों की मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में पितरों की तस्वीर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है और परिवार के सदस्यों पर पितरों की कृपा बनी रहती है। साथ ही जीवन में कोई भी समस्या नहीं आती है।

**कहां न लगाएं पितरों की तस्वीर :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, पितरों की तस्वीर को रसोई और बेडरूम में भूलकर भी नहीं लगाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि वास्तु के इस नियम का पालन न करने से व्यक्ति के कामों में रुकावट आ सकती है और पितृ नाराज हो सकते हैं।

इसलिए पितरों की तस्वीर लगाते समय सही जगह का चयन करें। इसके लिए आप किसी ज्योतिष की भी सलाह ले सकते हैं।

### इन बातों का रखें खास ध्यान

पितरों की तस्वीर को जीवित व्यक्ति की फोटो के साथ न लगाएं। वास्तु के अनुसार, एक ही फ्रेम में पितरों की तस्वीर और जीवित व्यक्ति की तस्वीर लगाने से वास्तु दोष लगता है। अगर आपके पितरों की तस्वीर टूट गई है, तो उसे किसी बहते हुए जल में बहा दें और नई तस्वीर को घर में लगा दें।

**पौष अमावस्या 2025 डेट और टाइम**

- वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार पौष अमावस्या 19 दिसंबर को पौष अमावस्या को मनाई जाएगी।
- पौष अमावस्या तिथि की शुरुआत- 19 दिसंबर को सुबह 04 बजकर 59 मिनट पर
- पौष अमावस्या तिथि का समापन- 20 दिसंबर सुबह 07 बजकर 12 मिनट पर

# कैमरून बने IPL इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी

## कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा

**कैमरून ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें आगामी सीजन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25 करोड़ 20 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है।**






### इतने रुपए में खरीदें गए ये खिलाड़ी

### चमकी पाथिराना की किस्मत, केकेआर ने 18 करोड़ में खरीदा

श्रीलंका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मथिशा पाथिराना को केकेआर ने 18 करोड़ रुपये की बड़ी कीमत देकर अपने साथ जोड़ा है।

### नमन तिवारी को LSG ने खरीदा

नमन तिवारी अभी तक भारत के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट में डेब्यू नहीं कर पाए हैं, फिर भी राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स ने उनके लिए जमकर बोली लगाई। उनका बेस प्राइस 30 लाख रूपये था, लेकिन लखनऊ ने उन्हें 1 करोड़ में खरीदा है।

### कार्तिक त्यागी को केकेआर ने खरीदा

तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी कोलकाता नाइट राइडर्स में शामिल हो गए हैं। उन्हें केकेआर ने उनके बेस प्राइस 30 लाख रूपये में खरीदा है। केकेआर के अलावा किसी फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई।

### गुजरात टाइटंस में शामिल हुए अशोक शर्मा

अशोक शर्मा घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलते हैं। वह एक ऑलराउंडर हैं। इस मिनी ऑक्शन में उनका बेस प्राइस 30 लाख रूपये था, जहां राजस्थान और कोलकाता ने उनके लिए बोली लगाई। अंत में गुजरात टाइटंस ने उन्हें 90 लाख में खरीदा है। यह गुजरात के लिए इस मिनी ऑक्शन में पहली खरीद है।

### तेजस्वी सिंह केकेआर में हुए शामिल

तेजस्वी सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 करोड़ रूपये में खरीदा था। इस ऑक्शन के लिए उनका बेस प्राइस 30 लाख रूपये था।

### LSG में शामिल हुए मुकुल चौधरी

राजस्थान के विकेटकीपर बल्लेबाज मुकुल चौधरी को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ में खरीदा है। उनका बेस प्राइस 30 लाख रूपये था।

### कार्तिक शर्मा को CSK ने खरीदा

विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक शर्मा घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलते हैं। मिनी ऑक्शन में मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स ने उनके लिए बोली लगाई। आखिकार उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20 करोड़ में खरीदा।

### शिवांग कुमार को SRH ने खरीदा

शिवांग कुमार को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने 30 लाख रूपये में खरीदा है।

### प्रशांत वीर को चेन्नई ने खरीदा

घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलने वाले प्रशांत वीर पर इस मिनी ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स ने जमकर बोली लगाई। अंत में चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 14,20 करोड़ में खरीदा।

### विजयशंकर, राजवर्धन हंगरगेकर, महिपाल लोमरोर रहे अनसोल्ड

भारत के विजयशंकर, राजवर्धन हंगरगेकर और महिपाल लोमरोर अनसोल्ड रहे। इस राउंड में आकिब नबी के अलावा बाकी के प्लेयर्स अनसोल्ड ही रहे, किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें खरीदने की दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### आकिब नबी को दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा

भारत के लिए घरेलू क्रिकेट में जम्मू कश्मीर के लिए खेलने वाले आकिब नबी के लिए दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच ऑक्शन रूम में लड़ाई देखने को मिली। अंत में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ में खरीदा है।

### CSK ने अकील हुसैन पर खेला दांव

चेन्नई सुपर किंग्स ने मिनी ऑक्शन में अकील होसेन को 2 करोड़ रुपये में खरीदा। CSK को एक ऐसे स्पिनर की जरूरत थी जो पावरप्ले में बॉलिंग कर सके और होसेन उनके लिए बिल्कुल सही थे। वे हाल ही में उनकी बैटिंग परफॉर्मेंस से भी प्रभावित थे और वेस्टइंडीज के इस इंटरनेशनल खिलाड़ी को उनकी बेस प्राइस पर खरीदने के बाद CSK फ्रेंचाइजी काफी खुश नजर आ रही थी।

### रवि बिश्नोई को राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा

रवि बिश्नोई को खरीदने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच बिडिंग वॉर देखने को मिली है। अंत में उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 7.20 करोड़ में खरीदा है। इससे पहले वह आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं।

**आईपीएल 2026 मिनी नीलामी**

## सबसे ज्यादा दाम पर बिकने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | बेस प्राइस | सोल्ड प्राइस |
|---|---|---|
| कैमरन ग्रीन | 2 करोड़ | 25.20 करोड़ |
| मथीशा पथिराना | 2 करोड़ | 18 करोड़ |
| प्रशांत वीर | 30 लाख | 14.20 करोड़ |
| कार्तिक शर्मा | 30 लाख | 14.20 करोड़ |



# वैभव सूर्यवंशी के बाद अभिज्ञान कुंडू का तूफान, भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक




विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू के दोहरे शतक और वैभव सूर्यवंशी-वेदांत त्रिवेदी के अर्धशतक की बदौलत भारतीय अंडर 19 टीम ने एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप 2025 में जीत की हैट्रिक लगाई। ग्रुप स्टेज के अपने आखिरी मैच में भारत ने मलेशिया अंडर 19 टीम को 315 रन से करारी शिकस्त दी।

### भारत ने गंवाया टॉस

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 408 रन बनाए। जवाब में मलेशिया टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर ढेर हो गई। ग्रुप स्टेज में भारत की यह तीसरी जीत है। टीम पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है।

### भारत की खराब शुरुआत

मुकाबले की बात करें तो भारत की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। कप्तान आयुष म्हात्रे (14) और विहान मल्होत्रा (7) सस्ते में पवेलियन लौट गए। इनफॉर्म वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतक लगाया।

उन्होंने 26 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। वेदांत और अभिज्ञान कुंडू के बीच चौथे विकेट के लिए 209 रन की पार्टनरशिप हुई। वेदांत शतक से चूक गए। उन्होंने 106 गेंदों का सामना किया और 90 रन बनाए।

### अभिज्ञान कुंडू ने बनाए 209 रन

हरवंश पंगालिया ने 5, कनिष्क चौहान ने 14 और खिलान पटेल ने 2 रन बनाए। अभिज्ञान कुंडू ने 167.20 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 125 गेंदों पर नाबाद 209 रन की पारी खेली।

अपनी इस पारी में कुंडू ने 17 चौके और 9 छक्के भी लगाए। वह मुकाबले के हीरो रहे।

**दीपेश को मिली 5 सफलताएं :** 409 रन चेज करने उतरी मलेशिया की ओर से कोई भी बल्लेबाज फिफ्टी तक नहीं लगा पाया। हमजा पांगी ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। कप्तान डीज पैट्रो ने 13 और मुहद अफिनिद ने 12 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अजीब वजदी और मोहम्मद हेयरिल का खाता ही नहीं खुला। भारत की ओर से दीपेश देवेन्द्रन ने 5 विकेट चटकाए। उधव मोहन को 2 सफलताएं मिलीं। वहीं किशन कुमार सिंह, खिलान पटेल और कनिष्क चौहान की झोली में 1-1 विकेट आया।



# सिर्फ सीने में दर्द ही नहीं... मामूली लगने वाले 7 लक्षण भी हो सकते हैं महिलाओं में हार्ट अटैक का संकेत






हार्ट अटैक का सबसे कॉमन लक्षण सीने में दर्द माना जाता है। लेकिन आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि कई मामलों में हार्ट अटैक के लक्षण बिल्कुल अलग हो सकते हैं, खासकर महिलाओं में। जी हां, महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण पुरुषों से काफी अलग होते हैं। महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण कई बार मामूली समस्या जैसे नजर आते हैं। इसलिए इसकी पहचान करने में देर हो सकती है। आइए जानें महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण कैसे अलग होते हैं।

**महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण**

पुरुषों में हार्ट अटैक के सामान्य लक्षणों में सीने में तेज दर्द, दबाव या जकड़न शामिल है, जो अक्सर बाएं हाथ तक फैलता है। ये लक्षण फिल्मों और मीडिया में दिखाए जाने वाले क्लासिक हार्ट अटैक जैसे होते हैं। लेकिन महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण अक्सर काफी कॉमन समस्या जैसे होते हैं, जैसे-

**सीने में दर्द का अलग स्वरूप**- महिलाओं को सीने में तेज दर्द के बजाय दबाव, जलन या बेचैनी का अनुभव हो सकता है। यह दर्द सीने के बीच में न होकर पीठ, गर्दन, जबड़े या पेट में भी महसूस हो सकता है।

**सांस लेने में तकलीफ**- बिना किसी कारण के सांस फूलना या सांस लेने में कठिनाई महसूस होना।

**असामान्य थकान**- अचानक आने वाली बहुत ज्यादा थकान, जो कई दिनों, हफ्तों पहले शुरू हो सकती है। यह थकान इतनी गंभीर हो सकती है कि सामान्य रोजमर्रा के काम करना भी मुश्किल लगे।

**चक्कर आना या सिर हल्का लगना**- बिना किसी कारण के चक्कर आना या संतुलन खोना।

**मतली या उल्टी**- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक के दौरान मतली, उल्टी या अपच की समस्या ज्यादा देखी जाती है।

**पसीना आना**- अचानक ठंडा पसीना आना, जो अक्सर फ्लू जैसा महसूस होता है।

**नींद में खलल**- हार्ट अटैक से पहले के हफ्तों में नींद संबंधी समस्याएं शुरू हो सकती हैं।

**बचाव के लिए क्या करें?**

महिलाओं और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण 'क्लासिक लक्षणों' जैसे नहीं होते हैं। कई बार महिलाएं इन लक्षणों को स्ट्रेस, एंग्जायटी या उम्र का सामान्य प्रभाव समझकर नजरअंदाज कर देती हैं, लेकिन ऐसा करना खतरनाक हो सकता है।

दिल की बीमारियों से बचाव के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना जरूरी है। हेल्दी डाइट, नियमित एक्सरसाइज, स्ट्रेस मैनेजमेंट, सिगरेट और शराब से परहेज और नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी हैं।

## कैसे रखें दिल का ख्याल?

- ब्लड प्रेशर कंट्रोल करें
- कोलेस्ट्रॉल कम करें
- ब्लड शुगर मैनेज करें
- हेल्दी वजन रखें
- स्मोकिंग न करें
- शराब न पीएं
- एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाएं



# सर्दियों में खूब खा रहे हैं आंवला? सावधान! ये 8 लोग इसे भूलकर भी न छुएं, सेहत पर पड़ सकता है भारी




आंवला, जिसे आयुर्वेद में 'दिव्य औषधि' और 'अमृत फल' भी कहा जाता है,सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स से भरपूर होता है। आंवले का सेवन इम्यूनिटी मजबूत बनाता है, पाचन सुधारता है, बालों और स्किन को हेल्दी बनाए रखता है।

हां ये भी सही है कि हर चीज की तरह आंवला भी सभी के लिए लाभकारी नहीं है। कुछ विशेष परिस्थितियों और स्वास्थ्य समस्याओं में इसका सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। अगर ऐसे लोग आंवला खाते हैं तो उन्हें साइड इफेक्ट्स का सामना करना पड़ सकता है तो आइए जानते हैं उन लोगों के बारे में जिन्हें आंवला खाने से बचना चाहिए।

**एसिडिटी या हाइपरएसिडिटी से ग्रस्त लोग**

आंवला खट्टा और कसैला फल है। इसका सेवन पाचन को बेहतर बनाता है, लेकिन जिन लोगों को अक्सर सीने में जलन, खट्टी डकारें या एसिड रिफ्लक्स की समस्या रहती है, उनके लिए यह परेशानी बढ़ा सकता है।

**लो ब्लड शुगर वाले लोग**

आंवला ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करता है। डायबिटीज मरीजों के लिए यह गुणकारी है, लेकिन जिन लोगों का ब्लड शुगर नॉर्मल से पहले ही कम रहता है, उन्हें कमजोरी, चक्कर और थकान का अनुभव हो सकता है।

**हाई ब्लड प्रेशर की दवा लेने वाले**

आंवला ब्लड प्रेशर को नेचुरली कम करने का काम करता है।अगर कोई व्यक्ति पहले से हाई बीपी की दवा ले रहा है और साथ ही आंवला भी खाता है, तो ब्लड प्रेशर नॉर्मल से बहुत नीचे गिर सकता है, जिससे अचानक चक्कर, थकान या बेहोशी जैसी समस्या हो सकती है।

**ब्लड थिनर दवाएं लेने वाले लोग**

आंवला खून को पतला करने वाले गुण रखता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति ब्लड थिनिंग मेडिसिन जैसे वॉरफेरिन या एस्पिरिन लेता है और साथ में आंवला भी खाता है, तो अधिक खून बहने की संभावना बढ़ सकती है।

**कब्ज से पीड़ित लोग**

आंवला का सेवन कब्ज को कुछ लोगों में और गंभीर बना सकता है। इसकी कसैली प्रकृति आंतों को कठोर कर सकती है, जिससे पेट फूलना, गैस और मल त्याग में कठिनाई हो सकती है।

### गर्भवती महिलाएं

गर्भावस्था में आंवले का अत्यधिक सेवन एसिडिटी, कब्ज और डिहाइड्रेशन को बढ़ा सकता है।

इस दौरान शरीर में हार्मोनल बदलाव पहले से ही सेंसिटिव होते हैं, ऐसे में आंवले का असर असहजता पैदा कर सकता है।

### लिवर की समस्या वाले लोग

आंवला लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है, लेकिन जिन लोगों का लिवर पहले से ही कमजोर या बीमार है, उनके लिए, इसकी खटास सेंसिटिविटी को और बढ़ा सकती है।

### हाल ही में सर्जरी करवाने वाले मरीज

सर्जरी के बाद खून का जल्दी जमना जरूरी होता है जिससे घाव भर सके।

आंवला खून को पतला करता है, जिससे सर्जरी के बाद ब्लीडिंग बढ़ सकती है और रिकवरी में समय लग सकता है।